राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–39/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने सम्राट अशोक के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 05 अप्रैल, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने महान शासक सम्राट अशोक के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में सम्राट अशोक कन्वेन्शन केन्द्र, पटना के परिसर में अवस्थित उनकी सांकेतिक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान सभाध्यक्ष श्री नन्दकिशोर यादव, संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा गीत प्रस्तुत किए गए।

....